an>

Title: Need to connect Kaushambi district in Uttar Pradesh, a place of historical Buddhist site with Buddhist Tourist Circuit and also take measures to develop the site as a tourist destination.

श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी)ः जनपद कौशाम्बी वर्ष 1997 में जनपद इलाहाबाद से तीन तहसीलों को काटकर नव जनपद के रूप में सृजित किया गया था जो विकास से कोसों दूर है तथा यहा मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। जनपद कौशाम्बी में एक ऐतिहासिक बौद्ध स्थल है, जहां भगवान बुद्ध चतुरमासा बिताया करते थे जिसके कारण यह बौद्ध धर्म के अनुयायियों का आस्था का केन्द्र है। यहां निरन्तर विदेशी पर्यटकों का आवागमन बना रहता है। यदि इस बौद्ध स्थल को बौद्ध सर्किट से जोड़ दिया जाए तो कौशाम्बी के विकास के साथ-साथ पर्यटकों के आवागमन में वृद्धि होगी। ऐसे ऐतिहासिक बौद्ध स्थल को विकसित करने हेतु इसे बौद्ध सर्किट से जोड़ा जाना नितान्त आवश्यक है, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जनपद-कौशाम्बी (उत्तर प्रदेश) स्थित इस ऐतिहासिक बौद्ध स्थल को विकसित करने व कौशाम्बी का विकास करने के लिए सरकार द्वारा आवश्यक कदम उठाए जाएं।